# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा–माध्य/आदर्श विद्यालय/विविध/वो–3/2018–19/05 दिनांक 3/7/2020

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा अभियान, समस्त जिले।

विषयः– पीईईओ नेतृत्व क्षमता संवर्धन ई–लर्निंग पाठ्यक्रम के संबंध में।
प्रसंगः– राज्य परियोजना निदेशक, रा.स्कूल शि.प.,जयपुर के पत्रांक–रा.स्कूल.शि.प./जय/पीईईओ/लीडरशिप ई–कोर्स/दिशा–निर्देश/2019–20/12591 दिनांक 02.07.2020 के क्रम में।

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगान्तर्गत लेख है कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से पीईईओ की नेतृत्व क्षमता संवर्धन हेतु ऑनलाईन ई–लर्निंग पाठ्यक्रम विकसित किया गया है। इस ऑनलाईन ई–लर्निंग पाठ्यक्रम में **कुल 09 मॉड्यूल्स** शामिल किए गए है, जिनकी **कुल समयावधि 330 मिनिट्स** है। मॉड्यूल्स का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र.सं. | मॉड्यूल का नाम | कुल समयावधि |
|---|---|---|
| 01 | चिन्ता और प्रभाव के क्षेत्र | 20 मिनट |
| 02 | लोगों को समझना | 15 मिनट |
| 03 | सम्प्रेषण की विधि | 15 मिनट |
| 04 | भावनात्मक बुद्धिमत्ता | 40 मिनट |
| 05 | संवर्धन, समीक्षा एवं प्रेरणा | 40 मिनट |
| 06 | समय प्रबन्धन | 25 मिनट |
| 07 | मतभेद निवारण | 60 मिनट |
| 08 | स्थितिजन्य नेतृत्व | 90 मिनट |
| 09 | परिवर्तन चक्र | 25 मिनट |

उक्त नेतृत्व क्षमता ई–लर्निंग पाठ्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के समस्त पदेन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी (पीईईओ) द्वारा **जुलाई–2020 के द्वितीय सप्ताह तक पूर्ण करते हुए** लीडरशिप ऑनलाईन कोर्स पूर्ण करने का प्रमाण पत्र डाउनलोड किया जाना है।

अतः संलग्न प्रासंगिक पत्र में **पीईईओ नेतृत्व क्षमता संवर्धन ई–लर्निंग पाठ्यक्रम से संबंधित दिए गए दिशा– निर्देशानुसार** ग्रामीण क्षेत्र के समस्त पीईईओ द्वारा उक्त नेतृत्व क्षमता ई–लर्निंग पाठ्यक्रम पूर्ण कर प्रमाण पत्र डाउनलोड करवाया जाना सुनिश्चित करें। **साथ ही समस्त पीईईओ** विद्यालय के **हेड टीचर को** भी उक्त कोर्स को देखकर लाभान्वित होने हेतु प्रेरित करें।

**नोटः– पीईईओ की नेतृत्व क्षमता संवर्धन हेतु ऑनलाईन ई–लर्निंग पाठ्यक्रम** शाला दर्पण पोर्टल **पर समस्त पीईईओ के लॉग–इन में विविध (Miscellaneous) टैब के अन्तर्गत PEEO Leadership online course पर क्लिक कर पूर्ण किया जाए।**

**संलग्नकः– उपर्युक्तानुसार**

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

www.rajsevak.com

क्रमांक–शिविरा–माध्य/आदर्श विद्यालय/विविध/वो–3/2018–19/05 दिनांक 3/7/2020
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।

www.rajsevak.com

2. निजी सचिव, आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् सह विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं अति.आयुक्त, रास्कूलशिप., जयपुर।
4. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
5. शासन उपसचिव–शिक्षा (ग्रुप–1/2/5)/प्रारंभिक शिक्षा (संस्थापन)/प्रारंभिक शिक्षा (आयोजना) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
6. अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम/द्वितीय, रा.स्कूल शि.प.,जयपुर।
7. उपायुक्त–प्रथम, रा.स्कूल शि.प.,जयपुर।
8. समस्त संयुक्त निदेशक, (स्कूल शिक्षा)।
9. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माशि/प्राशि।
10. समस्त अति.जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।
11. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन बी.आर.सी.एफ., समग्र शिक्षा अभियान।
12. समस्त पदेन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी (पीईईओ)/संस्था प्रधान, समस्त जिले।
13. उपनिदेशक, शाला दर्पण, रा.स्कूल शि.प.,जयपुर एवं सहायक निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, कार्यालय हाजा।
14. प्रभारी, आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालय प्रकोष्ठ, जयपुर।
15. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
16. रक्षित पत्रावली।

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, एकलव्य भवन, प्रथम तल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, ओ.टी.एस. के पास, जयपुर–302017

दूरभाष नं. 0141–2715532 E-mail: adrutrsmsa@gmail.com


क्रमांक–रा.स्कूल.शि.प / जय / पीईईओ / लीडरशिप ई–कोर्स / दिशा–निर्देश / 2019–20 / 12591 दिनांक : 02.07.2020

# पीईईओ नेतृत्व क्षमता संवर्धन ई-लर्निंग पाठ्यक्रम

## "दिशा-निर्देश"

विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास विद्यालयी शिक्षा का महत्त्वपूर्ण लक्ष्य है एवं इस लक्ष्य की शत - प्रतिशत प्राप्ति हेतु विद्यालयों में संस्थाप्रधान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। चूँकि सीखना-सिखाना एक सतत् प्रक्रिया है, इसलिये संस्थाप्रधान भी विद्यार्थियों एवं विद्यालय में अपने साथियों से सीखते हैं। अतः विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुनिश्चितता को केंद्रित करते हुए संस्थाप्रधानों में नेतृत्व क्षमता के संवर्धन हेतु प्रशिक्षणों का आयोजन किया जाता है। इन प्रशिक्षणों के माध्यम से संस्थाप्रधानों को पारस्परिक अधिगम के साथ-साथ शैक्षिक नवाचारों एवं बेस्ट प्रेक्टिसेज का आदान-प्रदान करने व व्यावसायिक योग्यता में निरंतर कुशलता व अभिवृद्धि करने का अवसर प्राप्त होता है।

**राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् द्वारा यूनीसेफ के सहयोग से पीईईओ की नेतृत्व क्षमता संवर्धन हेतु ऑनलाईन ई-लर्निंग पाठ्यक्रम विकसित किया गया है। इस ऑनलाईन ई-लर्निंग पाठ्यक्रम में कुल 9 मॉड्यूल शामिल किये गये हैं, जिनकी कुल समयावधि 330 मिनट है। मॉड्यूल का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र.स. | मॉड्यूल का नाम | कुल समयावधि |
|---|---|---|
| 1 | चिन्ता और प्रभाव के क्षेत्र | 20 मिनट |
| 2 | लोगों को समझना | 15 मिनट |
| 3 | सम्प्रेषण की विधि | 15 मिनट |
| 4 | भावनात्मक बुद्धिमता | 40 मिनट |
| 5 | संवर्धन, समीक्षा एवं प्रेरणा | 40 मिनट |
| 6 | समय प्रबंधन | 25 मिनट |
| 7 | मतभेद निवारण | 60 मिनट |
| 8 | स्थितिजन्य नेतृत्व | 90 मिनट |
| 9 | परिवर्तन चक्र | 25 मिनट |

**<u>उद्देश्य -</u>**


1. पीईईओ नेतृत्व क्षमता ई-लर्निंग पाठ्यक्रम पीईईओ के नेतृत्व कौशल को विकसित करने हेतु किया गया है।
2. यह कार्यक्रम अध्ययन सामग्री के ज्ञान, शिक्षण और शिक्षा, साक्षरता, विविधता और व्यावसायिकता के क्षेत्रों में नेतृत्व, संलग्न, सहयोग वाले भावी व्यक्ति को तैयार करने का प्रयास करता है।
3. यह कार्यक्रम PEEO को निर्णय निर्माताओं के रूप में तैयार करता है, जो उनके नेतृत्व की जिम्मेदारियों को संचालित करने में नैतिक और प्रभावी ढंग से सिद्धांत और व्यवहार को एकीकृत करने के लिए आवश्यक ज्ञान , कौशल और स्वभाव से युक्त है।
4. इस कार्यक्रम द्वारा विषय पर चर्चा के साथ गतिविधियों, सामूहिक कार्य और वीडियो के माध्यम से PEEO में नेतृत्व कौशलों का विकास होगा।

**<u>प्रक्रिया -</u>**

1. राज्य में ग्रामीण क्षेत्र के समस्त पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी द्वारा यह ऑनलाईन ई-लर्निंग पाठ्यक्रम पूर्ण किया जाना है ।
2. यह पाठ्यक्रम पूर्णतः इन्टरनेट के माध्यम से शाला दर्पण पोर्टल अन्तर्गत संचालित है।
3. <u>पीईईओ की नेतृत्व क्षमता संवर्धन हेतु ऑनलाईन ई-लर्निंग पाठ्यक्रम शाला दर्पण पोर्टल पर समस्त पीईईओ के लॉगिन में विविध (Miscellaneous) टैब के अंतर्गत PEEO Leadership Online Course पर क्लिक करके पूर्ण किया जाये।</u>
4. यह पाठ्यक्रम ऑडियो का उपयोग करता है, अतः यह सुनिश्चित करे कि आपके लैपटोप /टैब/ कम्प्यूटर/मोबाईल की आवाज चालू है।
5. यह पाठ्यक्रम 9 मॉड्यूल में विभाजित किया गया है। सभी पीईईओ किसी भी मॉड्यूल पर क्लिक करके संबंधित मॉड्यूल पर जा सकते है, परन्तु जब पहली बार यह पाठ्यक्रम किया जा रहा हो, तो सलाह दी जाती है कि आप पहले मॉड्यूल से ही प्रारम्भ करें।
6. सभी 9 मॉड्यूल अन्तर्गत बहु विकल्पीय प्रश्नावली प्रदर्शित होगी जिनके उत्तर दिये जाने हैं, दिये गये उत्तर पाठयक्रम के मॉडयूल्स से संबंधित विकसित की गई समझ को प्रमाणित करेंगे। दो बार गलत उत्तर दर्ज करने पर पाठयक्रम स्वयं सही उत्तर प्रदर्शित करेगा।
7. सभी 9 मॉड्यूल अध्ययन करने के उपरान्त सम्बंधित PEEO अपने लॉगिन से लीडरशिप ऑनलाइन कोर्स पूर्ण करने का प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकेंगे ।
8. प्रत्येक module अंतर्गत विभिन्न गतिविधि, वीडियो प्रदर्शित होंगे जिन्हे आवश्यक रूप से पूर्णतः देखा जाये ।

**<u>निर्देश -</u>**

पीईईओ नेतृत्व क्षमता ई-लर्निंग पाठ्यक्रम अंतर्गत आपको कुछ चिन्ह प्रदर्शित होंगे । इन सभी प्रदर्शित होने वाले चिन्ह का विवरण निम्नानुसार है -




**<u>कार्यक्रम की समयावधि -</u>**

उक्त नेतृत्व क्षमता ई-लर्निंग पाठ्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के समस्त पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जुलाई 2020 की द्वितीय सप्ताह तक पूर्ण किया जाना है | सभी PEEO द्वारा पाठ्यक्रम पूर्ण कर प्रमाण पत्र डाउनलोड किया जाये |

**<u>मॉनिटरिंग -</u>**

1. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा सम्बंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी PEEO द्वारा इस पाठ्यक्रम को ऑनलाइन पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे |
2. जिलेवार एवं ब्लॉक वार पाठ्यक्रम पूर्ण किये जाने की ऑनलाइन प्रगति एवं मॉनिटरिंग रिपोर्ट PEEO विवरण सहित पृथक से शालादर्पण पोर्टल पर शीघ्र ही उपलब्ध करा दी जायेगी | इस रिपोर्ट द्वारा किस PEEO द्वारा पाठ्यक्रम पूर्ण कर प्रमाण पात्र डाउनलोड कर लिया गया है तथा कितने PEEO ने पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं किया है , यह जानकारी प्राप्त हो जाएगी |

3. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय, समग्र शिक्षा में कार्यरत जिला MIS प्रभारी द्वारा संबंधित CBEO कार्यालय में कार्यरत ब्लॉक ऑपरेटर के माध्यम से सभी PEEO को पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु आवश्यक तकनीकि सहयोग प्रदान करने हेतु पाबंद किया जाये ।
4. समस्त PEEO विद्यालय के हेड टीचर को भी उक्त कोर्स को देखकर लाभान्वित होने हेतु प्रेरित करें।

**संलग्नक :**

सुलभ संदर्भ हेतु PEEO Leadership Online Course के छाया चित्र

(अंभिषेक भगोतिया)
राज्य परियोजना निदेशक

**प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –**


1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान।
3. निजी सचिव, विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
4. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
5. निजी सहायक, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, निदेशालय, बीकानेर।
6. निजी सहायक, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, निदेशालय, बीकानेर।
7. उपायुक्त – शाला दर्पण, रास्कूलशिप, जयपुर।
8. संयुक्त निदेशक, समग्र शिक्षा, समस्त संभाग।
9. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
10. अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
11. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक।
12. एनआईसी, रास्कूलशिप, जयपुर।
13. प्रतिनिधि, यूनिसेफ – राजस्थान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर लेख है कि उक्त कोर्स के सुरक्षा संबंधी बिन्दुओं पर यथा समय एवं आवश्यकतानुसार एनआईसी, रास्कूलशिप, जयपुर को आवश्यक सहयोग उपलब्ध करावें।
14. पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त।
15. कार्यालय प्रति।

2/7/20

अति. राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम


पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी
नेतृत्व क्षमता संवर्धन ई-लर्निंग पाठ्यक्रम
Panchayat Elementary
E-Learning Program
ऑडियो अधिसूचना
यह कोर्स ऑडियो का उपयोग करता है। कृपया सुनिश्चित करें कि आपके सिस्टम की आवाज चालू है।
आगे बढ़ने के लिए 'ठीक है' बटन पर क्लिक करें।
ठीक है


पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी
नेतृत्व क्षमता संवर्धन ई-लर्निंग पाठ्यक्रम
Panchayat Elementary Education Officer Leadership Orientation
E-Learning Program
प्रिय साथियों,
नेतृत्व क्षमता संवर्धन ई-लर्निंग पाठ्यक्रम में आपका स्वागत है। इस पाठ्यक्रम में नेतृत्व के सिद्धांतों को VIDEOS, ANIMATION, प्रश्नावली इत्यादि के माध्यम से रोचक एवं आकर्षक बनाने का प्रयास किया गया है। आशा है कि आप इस पाठ्यक्रम को रुचिकर पायेंगे और इसका अध्ययन करके अपनी नेतृत्व क्षमता में संवर्धन करेंगे।
यह पाठ्यक्रम PEEO कार्यशालाओं के दौरान हुई प्रतिक्रियाओं व अनुभवों के आधार पर तैयार किया गया है।
आगे बढ़ें


एक लीडर के रूप में हम अपने क्षेत्र के विद्यालयों का अकादमिक और प्रशासनिक नेतृत्व करते हैं। सही समझ-बूझ और उचित नेतृत्वशैली के प्रयोग से हम सभी के साथ समन्वयन रखते हुए शिक्षा के स्तर और पहुँच को बढ़ा सकते हैं।
आशा है कि हम इस ई-लर्निंग पाठ्यक्रम में चर्चित विचारों का क्रियान्वयन कर, अपनी नेतृत्व क्षमता का विकास कर सकेंगे और सहकर्मियों के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित करके बच्चों का अकादमिक स्तर और बेहतर कर सकेंगे।
पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक करने के पश्चात आपको प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।
आशा है हम इसका भरपूर लाभ उठाएंगे व अपने क्षेत्र में शिक्षा के विकास में अतुलनीय योगदान प्रदान करेंगे।
हार्दिक शुभकामनाएं।
आगे बढ़ने के लिए बटन पर क्लिक करें।
◄ पीछे जाएँ
आगे बढ़ें ►


ऑनलाइन पाठ्यक्रम – विषयवस्तु
1 चिंता और प्रभाव के क्षेत्र
20 मिनट
2 लोगों को समझना
15 मिनट
3 सम्प्रेषण की विधि
15 मिनट
4 भावनात्मक बुद्धिमता
40 मिनट
5 समर्थन, समीक्षा एवं प्रेरणा
40 मिनट
6 समय प्रबंधन
25 मिनट
7 मतभेद निवारण
60 मिनट
8 स्थितिजन्य नेतृत्व
90 मिनट
9 परिवर्तन चक्र
25 मिनट
यह कोर्स 9 मॉड्यूल में विभाजित किया गया है। आप किसी भी कोर्स के नंबर पर क्लिक कर के संबंधित कोर्स पर जा सकते हैं परंतु, जब आप पहली बार कोर्स कर रहे हैं तो सलाह दी जाती है कि आप पहले मॉड्यूल से ही प्रारम्भ करें। जब आप दो अथवा तीन मॉड्यूल पूरे कर ले तब आप किसी भी नंबर के मॉड्यूल पर जाकर उसे पूरा कर सकते हैं। सभी 9 मोड्यूल पूरे करने के बाद ही आपको कोर्स सफलतापूर्वक पूरा करने का प्रमाणपत्र मिल सकेगा। तो चलिए शुरू करते हैं यह कोर्स। एक बार फिर से आपको शुभकामनाएं।
शुरू नही हुआ
शुरू किया गया
पूरा हो चुका
◄ पीछे जाएँ
आगे बढ़ें ►


बुकमार्क
यह पाठ्यक्रम बुकमार्किंग का उपयोग करता है। क्या आप उस पृष्ठ पर लौटना चाहेंगे जहाँ आपने पाठ्यक्रम छोड़ा था ?
हाँ
नहीं